दिन– शनिवार

दिनांक– 04 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सौ फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन की घोषणा की। अपराध नियंत्रण और न्याय व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर दिया बल।

02. संसद का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। तेरह अगस्त तक चलेगी कार्यवाही।

03. उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने एथेनॉल को स्वच्छ ईंधन बताया। कहा – यह अच्छी परिचालन क्षमता और तेज गति प्रदान करता है।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र में टीम इंडिया में डेब्यू कर रचा इतिहास। सचिन तेंदुलकर का छत्तीस साल पुराना रिकॉर्ड टूटा।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने न्याय व्यवस्था को और तेज तथा प्रभावी बनाने के लिए सौ फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौधरी ने यह जानकारी दी। इससे पहले, बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने समयबद्ध तरीके से मामलों के निष्पादन की व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया था।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री ने अपराध नियंत्रण और न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के उपयोग पर जोर दिया।

——साउंड बाइट——

हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड और बिहार ज्यूडिशियल एकेडमी ने संयुक्त रूप से किया है। सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय, उच्च न्यायालय के अन्य

न्यायाधीश, राज्य के सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक सहित दो सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

संसद का मानूसन सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र तेरह अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मानसून सत्र संबंधी सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णयों पर केंद्रित होगा।

———————————————————————————

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने एथेनॉल को स्वच्छ ईंधन बताते हुए कहा है कि यह अच्छी परिचालन क्षमता और तेज गति प्रदान करता है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला ने कहा कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम सुनियोजित, चरणबद्ध और वैज्ञानिक रूप से संचालित प्रक्रिया के जरिये लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम दो हजार अठारह में संरचित चर्चा और हितधारकों के परामर्श के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया था।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने पायरेसी की खबरों को देखते हुए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सरकार ने टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्लेटफॉर्म को पंद्रह दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग, प्रसारकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म, निर्माताओं और वितरकों के हितों की रक्षा करना है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज के खरीद मूल्य में तेरह प्रतिशत की बढोतरी की है। इसका खरीद मूल्य एक हजार आठ सौ पचहत्तर रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर अब दो हजार एक सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

———————————————————————

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है। आज रोहतास के बिक्रमगंज में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा राज्य में उद्योगों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

——साउंड बाइट—— .

———————————————————————

राज्य सरकार ने झारखंड से बिहार में प्रवेश करने वाले अवैध और ओवरलोडेड गिट्टी लदे वाहनों के खिलाफ निगरानी बढ़ा दी है। राज्य परिवहन आयुक्त ने सभी सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर ऐसे वाहनों की सघन जांच करने और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि ओवरलोडेड वाहनों से सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है और सरकारी राजस्व को भी नुकसान होता है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बहुचर्चित टेंडर घोटाले में गिरफ्तार भवन निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव मुमुक्षु कुमार चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली के तहत यह कार्रवाई की है। मुमुक्षु कुमार चौधरी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। अगला आदेश जारी होने तक उनका निलंबन प्रभावी रहेगा।

———————————————————————

बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी–ट्वेटी मुकाबले में टीम इंडिया के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर इतिहास रच दिया है। पंद्रह वर्ष निन्यानवे दिन की उम्र में डेब्यू करने वाले वैभव भारत की सीनियर पुरुष टीम के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने उन्नीस सौ नवासी में सोलह वर्ष की आयु में पदार्पण करने वाले सचिन तेंदुलकर का छत्तीस वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

———————————————————————

भारत और इंग्लैंड के बीच आज दूसरा टी—ट्वेटी क्रिकेट मैच मैनचेस्टर में जारी है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर दो गेंद में चौरासी रन बना लिये हैं। वैभव सूर्यवंशी दस गेंदों में चौदह रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के लगाए।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव पांच सेल्सियस रिकॉर्ड किया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चैती पिपरा स्थित फल्गु नदी में बालू खनन को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में में छह लोग घायल हो गए। एसडीपीओ कृति कमल ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग हुयी है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

पूर्वी चंपारण के पिपराकोठी में प्रस्तावित वाटर पार्क परियोजना के निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में स्थानीय थाने में राजद सांसद सुधाकर सिंह समेत सत्तावन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सत्ताईस लोगों के खिलाफ नामजद और तीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने नेपाल की नागरिकता रखने वाली दस महिलाओं को भारतीय नागरिकता प्राप्ति की प्रक्रिया के तहत शपथ दिलाई। इन सभी महिलाओं का विवाह अररिया जिले में हुआ है तथा वर्तमान में वे अपने परिवार के साथ अररिया में निवास कर रही हैं।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदिगोपालपुर चौक के पास एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

———————————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र के पूरब टोला में करंट लगने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बोचाही के पास पिछले गुरूवार को हुई लूट के मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट की रकम और हथियार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में पेट्रोल पंप पर पिस्तौल दिखाकर लूट की कोशिश कर रहे दो अपराधियों को स्थानीय लोगों ने घेरकर उसकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पिस्तौल बरामद की गई है।

———————————————————————————

भोजपुर जिले में महुली घाट स्थित पीपा पुल पर पुलिस की वर्दी का रौब दिखाकर राहगीरों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एक होमगार्ड भी शामिल है।

———————————————————————————

बरौनी जंक्शन पर उत्पाद विभाग की टीम ने कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेन सेएक सौ अठारह ग्राम हेरोइन बरामद की है। मौके से अंतरराज्यीय ड्रग्स गिरोह के दो महिला समेत चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

पश्मिच चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत महोदीपुर गांव में पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से एक सौ चौबीस किलो गांजा बरामद किया है। मौके से दो तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक होटल में छापेमारी कर अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र में आज तड़के अपराधियों ने एक किराना व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी।

————————————————————————

पटना के बेउर में पिछले दिनों एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि भूमि विवाद में हत्या को अंजाम दिया गया।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन बख्तियारपुर–ताजपुर फोरलेन गंगा पुल के स्लैब का एक हिस्सा गिर जाने से छह मजदूर घायल हो गए। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

————————————————————————

राष्ट्रीय एड्स संगठन के निर्देश पर भभुआ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में रेड रन के तहत पांच किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सौ फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन की घोषणा की। अपराध नियंत्रण और न्याय व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर दिया बल।

02. संसद का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। तेरह अगस्त तक चलेगी कार्यवाही।

03. उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने एथेनॉल को स्वच्छ ईंधन बताया। कहा – यह अच्छी परिचालन क्षमता और तेज गति प्रदान करता है।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने सबसे कम उम्र में टीम इंडिया में डेब्यू कर रचा इतिहास। सचिन तेंदुलकर का छत्तीस साल पुराना रिकॉर्ड टूटा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।